Bharat Temples

मैया तेरे मंदिर का,
दाती तेरे मंदिर का,
रस्ता मुझे मिल जाए,
बिगड़ी तकदीर मेरी,
तेरे दर पे संवर जाए,
मईया तेरे मंदिर का,
दाती तेरे मंदिर का।।

तर्ज राधे तेरे चरणों की।

मझधार मेरी नैया,
माँ पार लगा देना,
डगमग है नाव मेरी,
डगमग है नाव मेरी,
भव पार ये हो जाए,
मईया तेरे मंदिर का,
दाती तेरे मंदिर का।।

झूठे सब रिश्ते है,
झूठे सब नाते है,
एक साँचा नाम तेरा,
एक साँचा नाम तेरा,
मेरा मनवा जप जाए,
मईया तेरे मंदिर का,
दाती तेरे मंदिर का।।

तू आस मेरी है माँ,
विश्वास मेरा है माँ,
तेरे इस बालक को,
तेरे इस बालक को,
तेरा प्यार माँ मिल जाए,
मईया तेरे मंदिर का,
दाती तेरे मंदिर का।।

अपने मंदिर का माँ,
रस्ता दिखला देना,
अब भटक नहीं पाऊं,
अब भटक नहीं पाऊं,
ऐसी किरपा मिल जाए,
मईया तेरे मंदिर का,
दाती तेरे मंदिर का।।

मैया तेरे मंदिर का,
दाती तेरे मंदिर का,
रस्ता मुझे मिल जाए,
बिगड़ी तकदीर मेरी,
तेरे दर पे संवर जाए,
मईया तेरे मंदिर का,
दाती तेरे मंदिर का।।

Singer Rakesh Ji Kala

Source:
https://www.bharattemples.com/maiya-tere-mandir-ka-rasta-mujhe-mil-jaye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw